दिनांकः 05.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राज्य के कुछ उपखंडों में आज से सम्पूर्णता अभियान की शुरूआत हुई। इनमें बारां जिले का किशनगंज, हनुमानगढ़ जिले का संगरिया, शाहपुरा जिले का कोटड़ी, पाली जिले का रानी और करौली जिले का मासलपुर ब्लॉक शामिल है। इन उपखंडों में छह सूचकांकों के शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल किये जाएंगे। इनमें स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, और सामाजिक विकास शामिल हैं। संगरिया में आयोजित कार्यक्रम में इन छह सूचकांकों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस दौरान उच्च रक्तचाप और मधुमेह रोग को लेकर विद्यार्थियों ने लघु नाटक का मंचन किया। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। रानी उपखंड में प्रभात फेरी निकाली गयी। कोटड़ी में भी विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली निकाली। गौरतलब है कि देशभर के चयनित आकांक्षी जिलों और आशान्वित ब्लॉक्स में नीति आयोग की ओर से ये अभियान चलाया जा रहा है।

....

राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में मोहन लाल लाठर को नियुक्त किया है। राज्यपाल ने इसके साथ ही सुरेश चंद गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा को सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्ति प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं। इनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने से 3 वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो के लिए की गयी है।

....

जलदाय मंत्री कन्हैयालाल ने आज से राज्य में एक लाख पौधे लगाने के अभियान की शुरूआत की। उन्होंने जयपुर में जल भवन में पौधरोपण कर इसका शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जलदाय मंत्री ने मौजूद लोगों को जल संरक्षण और पौधे लगाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पौधे लगाएंगे तो प्रकृति भी मेहरबान रहेगी। मंत्री ने कहा कि पानी का दोहन और उसकी मांग बढ़ती जा रही है और लोगों में जागरुकता लानी जरूरी है। गौरतलब है कि अभियान के तहत जल भवन में लगभग पांच सौ छायादार और फलदार पौधे लगाए जाएंगे। जलदाय विभाग ने प्रदेशभर के संस्थानों और कार्यालयों में एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। राज्य में गिरते हुए भूजल स्तर, पेयजल गुणवत्ता, जल सुरक्षा, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और पौधरोपण कार्यों की राज्य स्तरीय कार्य–योजना तैयार करने के लिए आज जल भवन में एक दिवसीय सेमिनार भी आयोजित की जा रही है। जलदाय मंत्री ने नीर निधि निर्माण के तहत जल भवन में वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का शिलान्यास भी किया।

....

राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आज निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह आयोजित किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जयपुर में विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विभिन्न जिलों में हो रहे कार्यक्रमों में भी विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित की जा रही हैं।

....

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं से भारी से अति भारी बारिश हुई है। कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 18 सेंटीमीटर बरसात टोंक के मालपुरा में हुई। जयपुर के माधोराजपुरा में 16, बांसवाडा के सज्जनगढ में 12, अलवर के कोटकासिम में 11, बूंदी के नैनवा, बांसवाडा के दानपुर और अलवर के रामगढ में 10–10 सेंटीमीटर पानी बरसा। इनके अलावा राज्य के अन्य स्थानों पर 1 से 7 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गयी। विभाग ने आज जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और उदयपुर संभाग में अनेक स्थानों पर बारिश होने तथा कहीं–कहीं अतिभारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। टोंक और आसपास के जिलों में एक दो स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश होने की भी आशंका है। कल पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में बारिश की गतिविधियां जारी रहने और कहीं–कहीं भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलिम्पिक में भाग लेने के लिए पेरिस जा रहे भारतीय दल से मुलाकात की। उन्होंने एथलीटों से बातचीत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय खिलाड़ी इन खेलों में देश को गौरवान्वित करेंगे। श्री मोदी ने कहा कि ओलिम्पिक न सिर्फ जीतने का बल्कि सीखने का भी बड़ा अवसर है। उन्होंने एथलीटों की कड़ी मेहनत की सराहना की और कहा कि हमें आगे बढ़ने तथा जीतने के लिए दृढ़ संकल्पित होना चाहिए।

....